तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

14 ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर किया जाएगा सौंदर्यीकरण



13 पूर्व सांसद मंडावी ने रक्तदान करने वालों का ...



संचेती ज्वेलर्स
आज का भाव सोना 72999/-*
आज का भाव चांदी 919/-*
टीप : शुद्ध सोने-चांदी, आभूषण के विक्रेता
हमारे यहां हीरे (Diamonds) के आभूषण भी उपलब्ध है।
पता :- मेन रोड, धमतरी चौक, गुण्डरदेही, जिला बालोद, मो. 9770116200, 6266382228

व्यवस्था : त्योहार को देखते हुए यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की गई पहल

# बाजार व व्यस्ततम मार्गों पर भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध, लगाए गए बैरिकेड्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

चार दिनों बाद धनतेरस के दिन से दीपावली त्यौहार की शुरुआत होगी। जिला मुख्यालय में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने यातायात पुलिस द्वारा शहर के घड़ी चौक और मधु चौक के पास बेरिगेट लगाकर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। मधु चौक से लेकर बुधवारी बाजार तक और घड़ी चौक से लेकर सदर रोड होते हुए बुधवारी बाजार तक इस क्षेत्र में लोगों की भीड़ बढ़ गई है, सबसे ज्यादा व्यापार इसी क्षेत्र में होता है।

लोग खरीदी बिक्री करने और दुकानों में आने-जाने तथा बुधवारी बाजार में सब्जियां खरीदने के लिए वाहनों में पहुंच रहे हैं। जिसके कारण सुबह से देर शाम तक भारी भरकम मालवाहकों को इस क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए यातायात पुलिस द्वारा बेरिगेट लगाकर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। हालांकि वर्तमान में चारपहिया वाहनों व कुछ अन्य जरूरी वाहनों को समय अनुसार आवागमन के लिए अनुमति दी जा रही है, लेकिन धनतेरस त्यौहार के दिन से लेकर माँ लक्ष्मी पूजा (दीपावली) के दिन तक चारपहिया वाहन कार को भी प्रवेश करने से रोका जाएगा। त्यौहारी सीजन में शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और आम जनता को परेशानी न हो इसके लिए हर वर्ग को यातायात पुलिस के नियमों का पालन करने की जरूरत है, ताकि लोगों को कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

### घड़ी चौक और मधु चौक के पास की गई बैरिकेडिंग, पुलिस तैनात




**पटाखा दुकान पटेल मैदान में, होगी समस्या :** नगर पालिका प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा जिला प्रशासन को पत्र लिखकर पटाखा दुकान लगने से आमजनता को परेशानी होने और यातायात व्यवस्था बिगड़ने की जानकारी दी गई थी, लेकिन जिला प्रशासन इस मामले को लेकर मौन है और इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया, जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए पटाखा दुकान मैदान में लगाने की जोरों से तैयारी चल रही है।

### दुकानों के बाहर अतिक्रमण, कार्रवाई करने की जरूरत

भले ही यातायात पुलिस बेरिगेट लगाकर वाहनों को शहर के व्यस्तम मार्ग में प्रवेश करने से रोका जा रहा है, लेकिन सदर रोड से लेकर बुधवारी बाजार तक व्यापारियों द्वारा अपने दुकान के सामने अतिरिक्त जगह घेर कर व्यवसाय किया जा रहा है, जिसके कारण सड़क की चौड़ाई और कम हो रही है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन, राजस्व विभाग और यातायात पुलिस को नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने की जरूरत है।

# भतीजे का खिलौना टूटने से नाराज युवक ने की बच्चे की बेदम पिटाई, गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भतीजे के खिलौने को तोड़ने की सजा देने आरोपी ने 6 साल के मासूम बच्चे की इतनी बेरहमी से पिटाई की कि मासूम बच्चा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है।

■ बच्चे के बेहोश होने के पर मृत समझकर झाड़ियों में फेंक आया था

घायल बच्चा कुछ बोल नहीं पा रहा है, हालांकि अर्जुन्दा पुलिस ने मासूम बच्चे के पड़ोसी मुकेश साहू 29 साल को बच्चे पर प्राणघातक हमला करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पूरा मामला बच्चों के आपसी विवाद से जुड़ा हुआ है। बताते हैं कि लिकेश साहू से आरोपी मुकेश ▶▶| शेष पेज 12 पर

### विधायक कुंवरसिंह ने बच्चे के परिजनों से की मुलाकात

गुण्डरदेही। ग्राम देवसरा में एक नाबालिग लड़के के गले में धारदार हाथियार से हमला कर फेंक दिया था, जिसे इलाज के लिए भिलाई के अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक कुंवर सिंह निषाद ने बच्चे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों से चर्चा ▶▶| शेष पेज 12 पर

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100



## खबर संक्षेप



### छठ पूजा समिति ने चलाया सफाई अभियान

**रायपुर।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा आरंभ होने में कुछ ही दिन शेष रह गए उससे पूर्व छठ पूजा स्वच्छता समिति की टीम छठ व्यास तालाब वीरगांव में बुधवार से साफ सफाई अभियान में जुट गई है। भोजपुरी समाज के सचिव रंजय सिंह ने बताया कि छठ पूजा स्वच्छता समिति जगह-जगह जाकर तलावों की साफ सफाई करेगी, ताकि छठव्रती सुविधा अनुसार वह पूजा कर सकें और आने वाले सूर्यउपासक को किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अभियान में कुंदन यादव, राहुल साव, सुनील, गौतम शर्मा, सूरज साव, करण शर्मा, संजय मिश्रा, राधेश्याम यादव सहित अन्य सदस्यों शामिल थे।

### दिवाली मिलन समारोह में ब्राह्मण समाजसेवियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में दिवाली मिलन एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, विशिष्ट अतिथि निगम सभापति प्रमोद दुबे और समाज के अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज और समाजसेवियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया। साथ ही श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान से राजेश शर्मा, जेपी शर्मा ,अशोक मिश्रा, संजय जोशी, सुमित शर्मा, गिरीश दुबे को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विधायक श्री मिश्रा ने उपस्थित अतिथियों और पदाधिकारियों के सम्मान में अपने विचार व्यक्त किया। सम्मान पाने वालों में कन्यकुब्ज समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला, सचिव सुरेश मिश्रा, पदाधिकारी, गौड ब्राह्मण अध्यक्ष प्रहलाद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल शर्मा व पदाधिकारी, सरयूपारीण अध्यक्ष सुरेश शुक्ला व पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण अध्यक्ष विनय तिवारी व पदाधिकारी, उत्कल ब्राह्मण अध्यक्ष लक्ष्मण सतपथी, महिला अध्यक्ष निवेदिता मिश्रा, वर्ल्ड ब्राह्मण अध्यक्ष अरविंद ओझा, पंजाबी ब्राह्मण अध्यक्ष राजकुमार शर्मा आदि है। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पदाधिकारी काफी संख्या में शामिल हुए।

### अब तक 16 प्रत्याशियों ने जमा किए नामांकन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण उप चुनाव के अंतर्गत अभी तक 16 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से सुनील कुमार सोनी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से आकाश शर्मा, शक्ति सेना (भारत देश) से सविता बंजारे, निर्दलीय शेख जैनब बेगम, हैदर भाटी, राधेश्वरी गायकवाड़ ने अपना नामांकन जमा किया।

## पेज 11 के शेष

### भतीजे का खिलौना ...

साहू के भतीजे का खिलौना टूट गया था। इससे आरोपी मुकेश इतना गुस्सा हो गया कि मासूम लिकेश की हत्या करने की नीयत से उसे घर से दूर सुनसान जगह पर ले जाकर बेदम पिटाई की। इससे 6 साल का मासूम बच्चा बुरी तरह घायल होने के बाद बेहोश हो गया। बच्चे के बेहोश हो जाने पर आरोपी मुकेश ने उसे मृत समझकर उसे झाड़ियों के बीच ही छोड़ दिया। ग्रामीणों ने खोजबीन के दौरान बच्चे को झाड़ियों के बीच पड़ा देखा और उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घायल बच्चे का इलाज भिलाई में चल रहा है। इस बीच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### विधायक कुंवरसिंह ने ...

कर बच्चे के बेहतर इलाज के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही बच्चे पर हमला करने वाले अज्ञात आरोपी की खोजबीन करवाकर उचित कानूनी कार्रवाई कराने व उचित न्याय दिलाने की बात कही। अस्पताल में मुलाकात के दौरान विधायक के साथ उनकी धर्मपत्नी दंतेश्वरी निषाद भी थीं। विधायक ने बेहतर इलाज के लिए वहां के डाक्टरों से चर्चा की।

# विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करें फसल गिरदावरी का कार्य : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम दुधली के 03 किसानों के खेतों में पहुँचकर फसल गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों एवं किसानों से फसल गिरदावरी के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा उन्होंने इस कार्य को विशेष सावधानी एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर चन्द्रवाल ने विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा के समीपस्थ ग्राम बटेरा में पहुँचकर कल्याण आदिवासी महिला स्वसहायता समूह द्वारा किए जा रहे बेर के अचार निर्माण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने स्वसहायता समूह के द्वारा स्वादिष्ट अचार निर्माण कार्य की सराहना करते हुए अचार की समुचित बिक्री एवं इसका उचित दाम दिलाने आदि के संबंध में मदद उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया। महिला स्वसहायता समूह की अध्यक्ष विजयलक्ष्मी धुव्र ने कलेक्टर चन्द्रवाल को अचार निर्माण के पूर्व बेर की समुचित साफ–सफाई, पैकेजिंग तथा इसकी बिक्री आदि प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी।

## कलेक्टर ने ग्राम दुधली पहुंचकर गिरदावरी कार्य का किया निरीक्षण




### प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचा बेर के अचार का स्वाद

समूह की अध्यक्ष ने ग्राम बटेरा में निर्मित स्वादिष्ट बेर अचार को प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली में भेजे जाने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा निर्मित इस बेर अचार को आसपास के गांवों के अलावा बालोद बाजार तथा मांग के अनुसार धमतरी, भिलाई, दुर्ग–राजनांदगांव आदि शहरों में भी इनकी बिक्री की जाती है। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत एवं अन्य अधिकारियों को उत्पादों की बिक्री एवं उचित मूल्य दिलाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान भगत ने बताया कि बेर अचार के निर्माण कार्य में लगे इस महिला स्वसहायता समूह को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत 01 लाख 70 हजार रुपये का ऋण प्रदान किया गया है। इसके अलावा इस कार्य के लिए 01 लाख 50 हजार रुपये का बैंक लिंकेज तथा 10–10 हजार रुपये की मुख्यमंत्री एवं विधायक निधि प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है।

### वनांचल ग्राम अड़जाल के 25 किसान 32 एकड़ में ले रहे फसल

# बंजर जमीन बनी किसानों की अतिरिक्त आमदनी का जरिया, कर रहे कोदो की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कृषि प्रधान बालोद जिले में अब डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल ग्राम अड़जाल के किसान कोदो की खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध होने की राह पर अग्रसर हैं। एक समय था जब ग्राम अड़जाल में बहुत सी रिक्त बंजर जमीन ऐसी ही पड़ी हुई थी। लेकिन, जिला प्रशासन के सहयोग और कृषि विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें कोदो की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने ग्राम अड़जाल के कृषकों को कोदो फसल के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया। शासन-प्रशासन के प्रोत्साहन व सकारात्मक सहयोग से गांव के लगभग 25 किसानों ने लगभग 32 एकड़ जमीन पर कोदो की खेती करना शुरू किया। कृषि विभाग के निरंतर मार्गदर्शन में किसानों द्वारा कोदो की खेती से अब उनके जमीन पर कोदो की फसल लहलहा रही है। यह कोदो की फसल उन किसानों की समृद्धि का रास्ता बना रहा है, जिसमें वे लगातार अग्रसर हो रहे हैं। कोदो की फसल ले रहे ग्राम अड़जाल के किसान दिलीप कुमार रावटे ने बताया कि वे अपनी पड़त भूमि में अभी कोदो की फसल ले रहे हैं। फसल की पैदावार भी काफी अच्छी है, इससे उन्हें अच्छी आय होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि कोदो की फसल को अन्य किसानों को भी उगाना चाहिए, इससे वे स्वयं की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकते हैं। किसान भूवन लाल ने बताया कि वे गांव के लोगों के साथ ही स्वयं भी अपने खेत में कोदो की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में उन्हें खेती किसानी के कार्य में अच्छा सहयोग मिल रहा है। उन्हें कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा निरंतर ही खेती के संबंध में मार्गदर्शन मिलता है, जिससे उन्हें खेती कार्य में काफी आसानी हुई है और उनके कोदो फसल की पैदावार भी अच्छी है।

#### कोदो की बढ़ी मांग

ग्राम अड़जाल के किसान अंजन सिंह, संतोष भण्डारी और अर्जुन सिंह ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के शासन में अब उन्हें समय पर खाद–बीज मिल रहा है। इसके साथ ही उन्हें समय समय पर कृषि विभाग द्वारा खेती कार्य में विशेष मार्गदर्शन दिया जाता है, जिससे उन्हें खेती का कार्य अब आर्थिक रूप से काफी लाभदायक लग रहा है। उन्होंने बताया कि कोदो का उपयोग आजकल बहुतायत में लोगों द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में शुगर, बीपी से पीड़ित लोगों के लिए सूप बनाने में कोदो का उपयोग लोगों द्वारा किया जाता है, जिससे इसकी मांग तेजी से बढ़ी है। कोदो की मांग बढ़ने से हम किसानों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।

## शिकारीटोला में अमृत सरोवर का किया जाएगा सौंदर्यीकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भूरकापाट के आश्रित ग्राम शिकारीटोला में पहुँचकर वहाँ निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को अमृत सरोवर में पौधारोपण के अलावा सरोवर के सौंदर्यीकरण आदि कार्य कराने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो ने सरोवर में प्रगतिरत कार्यों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत अमृत सरोवर में पौधरोपण हेतु गड्ढे खोदाई के कार्य के अलावा ग्रामीणों के बैठने के लिए सीमेंट की कुर्सी इत्यादि का निर्माण किया गया है। इसके अलावा अमृत सरोवर में ध्वजारोहण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन कर आवश्यक निर्माण कार्य को पूरा करने की जानकारी दी।

### पं सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**डौंडीलोहारा।** पं. सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर से संचालित अध्ययन केन्द्र शासकीय एकलव्य महाविद्यालय, डौण्डीलोहारा, जिला-बालोद के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। समन्वयक राजू लाल कोसरे (प्राचार्य) ने बताया कि सत्र 2024-25 के लिए पं सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छग बिलासपुर द्वारा दूरस्थ पद्धति से संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ा दी गई है। ऐसे छात्र-छात्राएं जो अन्य महाविद्यालय में किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले पाए हैं, वे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं।

## पुष्य नक्षत्र पर 60 बच्चों का कराया गया निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार



**बालोद।** नगर में ऋषि विज्ञान पर आधारित निःशुल्क स्वर्ण प्राशन संस्कार शिविर का आयोजन पुष्य नक्षत्र पर किया गया। जिले के समाज सेवी नाड़ी वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत के निर्देशन में गव्य सिद्ध मनीष दास, गव्य सिद्ध टेमीन, गव्य सिद्ध डेमन यादव ने नगर एवं आसपास के गांवों के 60 बच्चों को स्वर्ण प्राशन संस्कार करवाया। वैद्य पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने बताया कि यह आयुर्वेद का वरदान है, जो कि बच्चों को निरोगी बनाने, मेधा शक्ति का विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेद का टीकाकरण है। इसका कश्यप ऋषि द्वारा अनुसंधान कर कश्यप संहिता में वर्णन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह शिविर हर माह के पुष्य नक्षत्र पर आयोजित किया जाता है।

### पूर्व कर्मचारियों को 4 हजार श्रम सम्मान राशि देने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश निगम मंडल कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने दैनिक, आकस्मिक, संविदा में कार्यरत कर्मचारियों को दीपावली से पूर्व 4 हजार रुपए श्रम सम्मान राशि देने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। इस मौके पर महासंघ के महासचिव डीएल चौधरी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के कर्मचारियों को श्रम सम्मान राशि 4 हजार देने की घोषणा की गई थी, जिसके आधार पर राज्य के कर्मचारियों को 4 हजार रुपए श्रम सम्मान की राशि प्रदान की जा रही है, लेकिन छग प्रदेश के निगम, मंडल, आयोग प्राधिकरण अथवा स्वायत्त संस्थाओं के कर्मचारियों को आज तक 4 हजार श्रम सम्मान राशि प्रदान नहीं की जा रही है।

## 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर का पाइप डेमेज, नया हैडर बनाकर किया कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 10 टंकियां रहीं प्रभावित, सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला मरम्मत का काम

इंटवेल स्थित 80 एमएलडी प्लांट के पुराने हैडर की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी लीकेज की समस्या आ रही थी, जिसे देखते हुए नए हैडर लगाकर इंटर कनेक्शन कार्य बुधवार को किया गया। मरम्मत कार्य के कारण बुधवार शाम शहर की 10 पानी टंकियों में शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। जल विभाग ने फिल्टर प्लांट की सफाई का काम भी इस दौरान पूरा किया। गुरुवार सुबह संबंधित पानी टंकियों में नियमित जल आपूर्ति होने लगेगी।

नगर निगम के जल विभाग द्वारा बुधवार को सुबह शहर की 43 नई पुरानी पानी टंकियों में नियमित जल प्रदाय के बाद 80 एमएलडी प्लांट के पुराने व क्षतिग्रस्त इंटेकवेल हैडर को बदलने का कार्य कराया। 23 साल पुराने हैडर का पाइप लाइन डेमेज होने से पानी लीकेज की समस्या रही। त्योहारी सीजन में यह समस्या विकराल रूप ले सकती थी, जिसे ध्यान में रखते हुए जल विभाग ने समय रहते नया हैडर बनाकर इंटर कनेक्शन का कार्य पूरा किया। इससे बुधवार शाम 80 एमएलडी प्लांट से भरने वाली 10 पानी टंकियां प्रभावित रहीं। इनमें ओवरहेड टैंक डगनिया, गंज, गुढ़ियारी, राजेन्द्र नगर, तेलीबांधा, शंकर नगर, खमतराई, भनपुरी की पुरानी पानी टंकी और श्याम नगर पानी टंकी शामिल है, जबकि 36 पानी टंकियों में जल आपूर्ति यथावत रही।



### सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक चला कार्य

80 एमएलडी प्लांट का पुराने हैडर डेमेज होने के बाद पानी लीकेज की समस्या को दूर करने विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में नए हैडर का इंटर कनेक्शन का कार्य कराया गया। इसमें वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन सहित तकनीकी जानकार की टीम शामिल रही। बुधवार को सुबह 7 बजे से शुरू हुआ मरम्मत का काम दोपहर 1 बजे पूरा हुआ। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया, पुराने हैडर की 23 साल पुरानी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को बदलना बहुत जरूरी था, यह काम काफी कठिन रहा फिर भी हमारी टीम ने दोपहर 1 बजे तक अपने काम को पूरा कर लिया। गुरुवार सुबह से नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो जाएगी।

## राष्ट्रपति का आज से दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति 25 और 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान राष्ट्रपति एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

25 अक्टूबर को सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का माना विमानतल आगमन होगा। माना विमानतल से सड़क मार्ग के जरिए सीधे एम्स हॉस्पिटल ऑडिटोरियम के लिए रवाना होंगी। माना विमानतल से व्हीआईपी रोड होकर पीटीएस चौक होते हुए तेलीबांधा एक्सप्रेस-वे पहुंचेंगी। वहां से होते हुए द्रौपदी मुर्मू एम्स हास्पिटल गेट नंबर 5 से प्रवेश कर एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम स्थल सुबह 11:30 बजे पहुंचेंगी। एम्स हॉस्पिटल कार्यक्रम के बाद दोपहर 1 बजे राजभवन पहुंचेंगी।

#### दोपहर के कार्यक्रम

दोपहर 3 बजकर 20 मिनट पर राष्ट्रपति डीडीयू आडिटोरियम साइंस कालेज रायपुर पहुंचेंगी। शाम पांच बजकर पांच मिनट पर मुक्तांगन संध्या पहुंचेंगी। पुरखौती मुक्तांगन कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे पुरखौती मुक्तागंन से वापस उसी मार्ग से होकर व्हीआईपी रोड फुण्डहर चौक से एक्सप्रेस-वे चौक फुण्डहर होकर एक्सप्रेस-वे रोड से होकर शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज के नीचे से भारतमाता चौक, भगतसिंग चौक, अंबेडकर चौक होकर शाम 6:30 बजे तक राजभवन पहुंचेंगी।

**दूसरे दिन का कार्यक्रम :** राष्ट्रपति दूसरे दिन 26 अक्टूबर को सुबह 9 बजे राजभवन से श्री जगन्नाथ मंदिर, गायत्री नगर के लिए प्रस्थान करेंगे, जो राजभवन चौक से आंबेडकर चौक जीई रोड होकर एसआरपी चौक से भारतमाता चौक, शंकर नगर एक्सप्रेस वे ब्रिज चौक, अनुपम नगर चौक से खम्हारडीह थाना होकर सुबह 9:10 बजे गायत्री नगर जगन्नाथ मंदिर पहुंचेंगी। सुबह 9:40 बजे जगन्नाथ मंदिर, गायत्री नगर से माना विमानतल के लिए प्रस्थान करेंगी। सुबह 10 बजे माना विमानतल से भिलाई के लिए हेलीकॉटर से रवाना होंगी। भिलाई के कार्यक्रम के बाद द्रौपदी मुर्मू 1 बजकर 5 मिनट पर माना विमानतल से राजभवन पहुंचेंगी।

### क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जम्वाल ने ली बैठक

# दक्षिण विधानसभा उपचुनाव, केंद्र और राज्य सरकार के कार्यों का करें प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी संगठन प्रमुखों द्वारा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के संदर्भ में एक आवश्यक बैठक जिला भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में हुई। बैठक में विशेष रूप से रायपुर दक्षिण विधानसभा में निवासरत प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के संयोजक, सह संयोजक, शक्तिकेंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक अपेक्षित थे। साथ ही इसी प्रकार जिला एवं मंडलों के भी सभी पदाधिकारी अध्यक्ष, महामंत्री उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि लगभग 33 वर्षों तक भाजपा का अभेद्य किला है रायपुर दक्षिण और इसे सदैव अपना मजबूत गढ़ बनाए रखना आपकी बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, इस बार भी सिर्फ चुनाव जीतना हमारा आपका लक्ष्य नहीं होना चाहिए, अपितु बड़ी मार्जिन की जीत का रिकॉर्ड हासिल करना प्रमुख लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओ के लिए ही नहीं, पूरी प्रदेश भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौती की तरह है। जनता के बीच पहुंचकर आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कार्यों की चर्चा करना है।

### तय किए जा चुके प्रभारी- जायसवाल

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव प्रभारी एवं श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, चुनाव की घोषणा के पूर्व ही हमने बैठकें कर चुकी थी। बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव, बीएलए-2 महिला प्रभारी, पन्ना प्रभारियों भी तय किए जा चुके हैं। साथ ही शक्ति केंद्रों के संयोजक-सहसंयोजकों से सीधा संपर्क स्थापित कर उनसे चुनाव में धरातल पर पहुंचकर कार्य करने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। साथ ही उन्हें उनके दायित्वों के विषय में बैठक कर जानकारी दी जा गई। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कहा, उप चुनाव में जनता के बीच चुनाव की तरह माहौल चुनावी माहौल नहीं होता उसे हमे आपको हम सबको मिलकर चुनावी वातारण तैयार करना है। चूंकि यह त्योहारी समय है। हमारा सबसे बड़ा पर्व भी सामने है, ऐसे में मतदान प्रतिशत बढ़ाना हमारे आपके लिए बड़ी चुनौती है। जितना मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, उतना ही आपके अधिक मार्जिन से जीतने की संभावना बनेगी और दक्षिण के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपने ही रिकॉर्ड को कायम रखने में सफल हो पायेंगे।

## नगरीय निकाय और पंचायतों में ओबीसी आरक्षण की 200 पेज की रिपोर्ट तैयार, कैबिनेट में मंजूरी के बाद होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की करीब 200 पेज की रिपोर्ट जल्द ही सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। बताया गया है कि यह रिपोर्ट राज्य शासन के समक्ष पेश किए जाने के बाद सरकार के कैबिनेट की बैठक में रखी जाएगी। रिपोर्ट की अनुशंसा पर विचार करने के बाद सरकार इसे मंजूरी देगी। इसके साथ ही नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में आरक्षण की स्थिति साफ हो जाएगी।

### पंचायतों- निकायों में अध्यक्षों का होगा आरक्षण

आयोग राज्य के सभी नगरीय निकायों में मेयर से लेकर वार्डों तक में ओबीसी के आरक्षण की अनुशंसा करेगा। इसके साथ राज्य की सभी जिला पंचायतों, जनपद पंचायतों, और ग्राम पंचायतों में भी आरक्षण की अनुशंसा करेगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा। खास बात ये है कि आयोग को भी 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण के भीतर ही तय करना है। ऐसे में एससी या एसटी बहुल क्षेत्र में भी अगर किसी वार्ड या निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की बहुलता है तो वह क्षेत्र ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

### हजारों कर्मियों ने मिलकर जुटाया है डाटा

आयोग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार राज्य के सभी जिलों से ओबीसी का आंकड़ा मिलने के बाद आंकड़ों का विश्लेषण का काम पूरा हो चुका है। बताया गया है कि रिपोर्ट करीब 200 पेज की है। अब रिपोर्ट की प्रतियां तैयार की जा रही है। बताया गया है कि यह डाटा जुटाने के लिए प्रदेश की सभी 11 हजार से अधिक पंचायतों में तीन-तीन लोग तथा नगरीय निकाय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बीएलओ ने मिलकर यह पूरा काम किया है।

।। पितृ कृपा ।।
श्री बालाजी मार्बल
SB MARBLES
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254



## खबर संक्षेप



### सोमनी पहुंचे चंद्रवाल, केला उत्पादन की ली जानकारी

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोसमी के केला उत्पादक कृषक पन्नालाल जैन के खेत में पहुँचकर केला उत्पादन के कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों एवं कृषक पन्नालाल से उनके खेत में केला एवं अन्य फसलों के उत्पादन के संबंध में जानकारी ली। श्री जैन ने बताया कि वे 50 एकड़ भूमि पर उद्यानिकी फसलों के उत्पादन कर रहे हैं। 35 एकड़ में केला एवं 5 एकड़ में खीरा की फसल ली है। इसके अलावा 10 एकड़ में केले के नए प्लांटेशन करने की भी जानकारी दी। उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत केले की फसल के रखरखाव के लिए प्रति हेक्टेयर 50 हजार रुपये की सब्सिडी 2 साल के लिए प्रदान की जा रही है।

### गुण्डरदेही में नागरिकों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इनके माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के अलावा तेज गति एवं नशापान करके वाहन नहीं चलाने आदि सड़क सुरक्षा के उपायों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। इसके अंतर्गत बुधवार 23 अक्टूबर को विकासखण्ड मुख्यालय के गुण्डरदेही बाजार चौक में आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के दौरान आम जनता को यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पद्मश्री शमशाद बेगम, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम सुरेश साहू एवं तहसीलदार कोमल ध्रुव की उपस्थिति में आयोजित इस सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों को दुपहिया वाहन चलाते वक्त अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन में सवारी करते समय सीट बेल्ट लगाने यातायात नियमों का पालन करने आदि के संबंध में समझाईश दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कमाण्डो के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

स्वास्थ्य विभाग की जिला सर्विलेंस इकाई महामारी नियंत्रण ने जारी किया अलर्ट

# भारत में हर साल 45 हजार लोगों की सर्पदंश से होती है मौत, बरतें सावधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले का बड़ा भाग जंगलों से आच्छादित है, जहां सर्पदंश की घटनाएं अधिक होती हैं। जंगल व खेत खलिहानों के कारण जहरीले सांप, बिच्छु व अन्य कीड़ों के काटने का खतरा बढ़ जाता है। सर्पदंश जैसे प्रकरणों में यदि सही समय पर सही उपचार न मिले, तो पीड़ित की जान भी जा सकती है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की जिला सर्विलेंस ईकाई महामारी नियंत्रण ने अलर्ट जारी किया है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार सर्पदंश से कमजोर आय वर्ग व रहन सहन वाले लोग ज्यादा प्रभावित होते हैं। खेतों, बगीचों, गोदामों में काम करने वाले तथा बच्चों को सर्पदंश का ज्यादा खतरा रहता है, सामान्यतः विश्व में रोज लगभग 7400 लोग प्रतिदिन तथा सालाना 3 अरब लोग सर्पदंश का शिकार होते हैं, जिनमें लगभग 1 लाख लोगों की मौत हो जाती है। जबकि केवल भारत में सालाना लगभग 45000 लोग की मौत सांप के डसने से हो जाती है।

### विषैले सांपों की प्रजाति

डीब्लूएचओ द्वारा कुल 251 जहरीले सांपों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें अति चिकित्सकीय महत्व के कैटेगरी एक वाले 109 प्रजाति व सामान्य चिकित्सकीय महत्व वाले कैटेगरी दो में 142 प्रजाति हैं। अकेले



भारत में ही कैटेगरी एक के 18 से ज्यादा विषैले सांपों की प्रजाति है।

जिला सर्विलेस ईकाई के प्रभारी ने बताया कि भारत में मुख्य 4 विषैली प्रजातियों नाग, करैत, जर्दरा एवं फुरसा के दंश से लोग प्रभावित होते हैं। सांपों में दो तरह के विष होते हैं, एक जो तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है और दूसरा रक्त को।

### सर्पदंश के लक्षण

काटने वाली जगह पर निशान, दर्द, खून बहना, अंग में सूजन आ जाना, कभी कभी निशान दिख नहीं पाता, सांप के प्रकार भी याद रखने में उपचार में आसानी होती है। नाक, मुंह, मसूड़ों से खून, जीभ का बाहर न निकाल पाना, बोलने व सांस लेने में परेशानी, हाथ पैर का कमजोर हो जाना आदि शरीर पर असर होता है। मरीज का आंखें न खोल पाना गर्दन न संभाल पाना, सांस लेने में दिक्कत, ये खतरे के निशान हैं।

### सर्प दंश पर क्या करें

मरीज को दिलासा दिलाएं व आत्म विश्वास बनाए रखें। आस-पास भीड़ न होने दें। तत्काल 108 को संपर्क करें। कटे हुए अंग को दिल के स्तर से नीचे रखे तथा परचाली बांधें व अंग को ज्यादा न हिलाएं। तत्काल डॉक्टरी सलाह लें व अथवा मरीज को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जाएं।

### क्या न करें

मरीज को न डराएं। कटे हुए स्थान पर न चीरा लगाएं और न ही बांधें। देशी नुस्खे या अन्य केमिकल न लगाएं। झाड़ फूंक, तांत्रिक आदि के चक्कर में न पड़ें।

### तात्कालिक उपाय महत्वपूर्ण

सर्पदंश में एक एक मिनट का अत्यंत महत्व है, सांस लेने में तकलीफ होने की स्थिति में कृत्रिम श्वास देने का प्रयास करें व तत्काल एंटी स्नेक वेनम के लिए चिकित्सालय ले जाएं। क्या है एंटी स्नेक वेनम एक तरह का इम्न्युनोग्लोब्यूलीनजी का इम्न्युनोथैरेपी है जो सांप के विष को न्युट्रीलाईस करता है। सर्पदंश व इम्न्युनोथैरेपी के बीच का समय जितना कम होगा, बचने की संभावना उतनी ही ज्यादा हो जाती है, इसलिए तत्काल चिकित्सालय ले जाना सर्वोपरि है।

### क्यों होती है मौत

विष के असर से तंत्रिका व परिसंचरण तंत्र प्रभावित होता है। सांस लेने वाली मासंपेसियों के लकवाग्रस्त होने तथा दिल के बंद होने से मरीज की मौत हो जाती है। इसलिए तत्काल उपचार से मरीज को बचाया जा सकता है।

### बरतें ये सावधानी

घर में जूते-चप्पलों, घर के कोनों आदि को उपयोग करने के पहले अच्छी तरह से देख लें। रोज उपयोग होने वाले जूते चप्पलों व अन्य सामानों को जमीन में न रखें। हो सके तो 2 से 3 फिट ऊपर रखें। खुले पैर न रहे। हो सके तो हाई काउन्टर या गम बूट पहनें।

### जिले में उपलब्ध है उपचार

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एमके सूर्यवंशी ने बताया कि जिले के जिला चिकित्सालय व समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। मरीजों को चाहिए कि झाड़ फूंक के चक्कर में पड़कर समय व जान न गंवाएं, मरीज को तत्काल अस्पताल पहुंचाएं।



## पार्टी में सक्रिय लोगों को ही आम सहमति बनाकर दिया जाएगा टिकट : कुंवरसिंह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

साहू सदन गुण्डरदेही में ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भोजराज साहू के नेतृत्व में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रि–स्तरीय पंचायती राज चुनाव के लिए चल रहे निर्वाचक नामावली संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई।

▪ गुण्डरदेही में ब्लाक कांग्रेस कमेटी की बैठक में विधायक ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

गुण्डरदेही विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि ये स्थानीय कार्यकर्ताओं का चुनाव है, पूरी एकजुटता के साथ हमें सभी पदों पर कब्जा करना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कसकर तैयार हो जाएं, साथ ही पार्टी में सक्रिय लोगों को ही आम सहमति बनाकर टिकिट देने की बात कही।

बैठक को जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संजय साहू सहित अन्य नेताओं ने भी बैठक में अवसरवादी लोगों को चिन्हांकित कर पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं को ही चुनाव में मौका देने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष केके राजू चंद्राकर, संजय बारले, नुरुल्ला खान, नीलकंठ टंडन, तरुण पारकर, डॉ मानसिंह सार्वा, सुनील चंद्राकर, महामंत्री मोंटू चंद्राकर, तामेश्वर देशमुख, जोन अध्यक्ष सलीम खान सहित बूथ अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

अंबिकापुर में आयोजित राज्यस्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में हुईं सम्मानित

## राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ बाल वैज्ञानिक खुशी की मॉडल प्राकृतिक खेती का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी/अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कुसुमकसा के मॉडल थीम ' प्राकृतिक खेती ' का चयन राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता अंबिकापुर में किया गया। उक्त कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय बनारस रोड अंबिकापुर में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता में सतत भविष्य के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर लगभग 500 मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। उसमें राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित बाल वैज्ञानिक कक्षा 11 वीं की छात्रा खुशी विश्वकर्मा, मार्गदर्शक व्याख्याता सोनल गुप्ता (रसायन) तथा व्याख्याता तामसिंह पारकर (भौतिक शास्त्र) हैं।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि चिंतामणि महाराज सांसद संसदीय क्षेत्र सरगुजा, अध्यक्षता कर रहे राजेश अग्रवाल विधायक विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर, विशिष्ट




अतिथि प्रमोद मिंज विधायक विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा ने चयनित बाल वैज्ञानिक खुशी वर्मा को सम्मानित किया।

उक्त उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मैर्केले ने कहा कि बच्चे अपने आसपास हो रहे क्रियाकलापों में विज्ञान की उपस्थिति का अनुभव कर यह जान सकते हैं कि हम भौतिक और सामाजिक पर्यावरण से अधिगम प्रक्रिया को जोड़कर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और अनेक समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। आत्मनिर्भरता सामाजिक आर्थिक विकास हेतु विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रमुख साधन है। समाज के उपयोग हेतु अच्छी गुणवत्ता एवं पर्यावरण अनुकूलन सामग्री उत्पादन हेतु बाल वैज्ञानिक खुशी विश्वकर्मा सेजस कुसुमकसा द्वारा बनाया गया प्राकृतिक खेती मॉडल अत्यंत सराहनी और प्रशंसनीय है। जेएस भारद्वाज विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी ने कहा कि यह एक स्वर्णिम पल है। आज आदिवासी अंचल के बाल वैज्ञानिक छत्तीसगढ़ का नेतृत्व करने जा रहे हैं। उन्होंने बाल वैज्ञानिक खुशी विश्वकर्मा तथा मार्गदर्शक व्याख्याता को शुभकामनाएं दी।

### क्या है हाइड्रोपोनिक स्मार्ट खेती

मार्गदर्शक व्याख्याता तामसिंह पारकर ने बताया कि ' प्राकृतिक खेती ' मॉडल के अंतर्गत हाइड्रोपोनिक स्मार्ट खेती के नवीनतम रुझानों में से एक है। यह ऐसी पद्धति पर आधारित है जिसमें मिट्टी के स्थान पर पोषक तत्वों से भरपूर पानी के घोल का उपयोग किया जाता है। यह पारंपरिक कृषि की तुलना में अधिक टिकाऊ है। हाइड्रोपोनिक फसलें घर पर भी उगाई जा सकती हैं। अधिक उपज तथा भूमि पानी और ऊर्जा के कम उपयोग के साथ भोजन उत्पादन करने के तरीके के रूप में महत्वपूर्ण है। इस सफलता पर संजय बेस जनपद सदस्य कुसुमकसा, सरपंच शिवराम सिंद्रामें, डॉ बी मिश्रा, नितिन जैन, अनिल सुथार, मनीष जेठवानी ,प्राचार्य सुनीता यादव, जिला विज्ञान प्रदर्शनी प्रभारी रुपेश कश्यप, नोडल राजेंद्र वर्मा मॉडल विशेषज्ञ लोचन देशमुख, बीएन योगी सहित सभी शिक्षकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## पूर्व सांसद मंडावी ने रक्तदान करने वालों का किया सम्मान

**गुण्डरदेही।** आचार्य नानेश के 25वें स्मृति दिवस और आचार्य रामेश के आचार्य पदारोहण दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को पुराना जैन स्थानक भवन गुण्डरदेही में सुबह 10 बजे से शाम 4 तक समता युवा संघ गुण्डरदेही के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद मोहन मंडावी ने रक्तदान करने वाले को प्रशस्ति पत्र प्रदान



किया शिविर में 51 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर प्रमोद जैन, अश्विनी यादव, पुष्पेंद्र चंद्राकर, थान सिंह मंडावी, अमित जैन, कमल तातेड, अशोक जैन, अंकित जैन, मनीष चौरडिया, गगन चौरडिया, हर्ष देशलहरा, मोनू ओस्तवाल, आशीष ओस्तवाल, दर्शन जैन, नमन ओस्तवाल सहित अन्य जैन समाज शामिल हुए।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*


C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 &7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव

एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

शोक संदेश



विधि के विधान के आगे नतमस्तक होकर दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि **श्री जेठमल ओस्तवाल (जैन)** का आकस्मिक निधन दिनांक 21/10/2024 दिन सोमवार को हो गया। जिसमें आप सह परिवार पधारकर मृतात्मा को शांति प्रदान करें।

स्व. श्री जेठमल ओस्तवाल

संपूर्ण कार्यक्रम
दिनांक 25/10/2024 दिन शुक्रवार
स्थान - निज निवास बस स्टैंड के पिछे कलंगपुर (गुण्डरदेही)

विनीत
जितेन्द्र कुमार ओस्तवाल (पुत्र)
राजेन्द्र कुमार ओस्तवाल (पुत्र)

शोकाकुल परिवार
प्रतापचंद, गणेशमल, थानमल दीपकचंद,
राहुल, मौलिक, मानविकी,
तनीष कुमार एवं समस्त ओस्तवाल (जैन) परिवार

## ग्राम अरौद में अवैध कब्जा, बार-बार नोटिस के बाद भी नहीं छोड़ रहे जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम अरौद में अवैध जमीन अतिक्रमण पर प्रतिबंध लगाने के लिए ग्राम पंचायत सरपंच व पंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की माँग की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भवन परिसर के सामने कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर जमीन पर कब्जा किया गया है।

ग्राम पंचायत द्वारा कई बार अवैध कब्जा हटाने के लिए नोटिस जारी किया गया, लेकिन वे कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। इसके कारण पंचायत की बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। वहीं, पंचायत परिसर का जमीन कम नजर आ रही है। सामने के हिस्से पर ही अतिक्रमण होने से मुख्य गेट संकरा हो गया है। पंचायत पदाधिकारियों का आरोप है कि राजस्व विभाग का सहयोग नहीं मिलने के कारण अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं हो पायी है।

सरपंच बिम्लेश्वरी साहू ने बताया कि पंचायत द्वारा अवैध कब्जा हटाने के लिए कई बार कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया, लेकिन कब्जा नहीं छोड़ा गया। इसकी जानकारी राजस्व विभाग को दी गई और कार्रवाई के लिए 21 नवंबर की तरीख तय की गई। पंचायत व ग्रामीणों द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई थी, लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी नहीं आए, जिसके कारण अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की जा सकी। इसलिए अब जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292


विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सुबह और रात होने लगा गुलाबी ठंड का अहसास, छाने लगा कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मानसून की विदाई के साथ ही अब मौसम लगातार करवट बदल रहा है। पिछले दो दिनों से अलसुबह और देर रात ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं दिन के तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग के अनुसार दीपावली के बाद से ठंड में तेजी आएगी। वहीं, इस बार अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बता दें कि जिले से मानसून की विदाई हो चुकी है। हालांकि कभी भी खण्ड वर्षा हो सकती है। वर्तमान में वातावरण में ठंडकता महसूस होने लगी है। बदलते मौसम के कारण दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, वहीं अलसुबह और देर रात ठंड महसूस की जा रही है।

## मौसम विभाग के अनुसार दीपावली के बाद बढ़ेगी ठंड



### मॉर्निंग वॉक पर निकलने लगे लोग

जिले में गुलाबी ठंड महसूस की जा रही है, जिले के शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में भी लोग सड़क, पार्क, नदी किनारे, डेम किनारे व खेल मैदान और मिनी स्टेडियम व अन्य स्थानों में मार्निंग वॉक करने निकलने लगे हैं। वहीं, कसरत करने वालों की संख्या धीरे–धीरे बढ़ रही है। खासकर, युवा वर्ग की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। गुलाबी ठंड के साथ ही सुबह हल्का कोहरा भी देखने को मिल रहा है। ऐसे में मार्निंग वॉक करने वालों को मुख्य सड़क के स्थान पर खेल मैदान और पार्कों में मार्निंग वॉक करने की जरूरत है, जिससे किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके। पिछले कुछ सालों में कोहरे के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे सतर्क रहने की जरूरत है।

### गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ी

दीपावली के बाद नवंबर से सर्दी का मौसम शुरू हो जाएगा। इस सर्दी सीजन में ठंड भी अच्छी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। मौसम में बदलाव होने से रात में शीत पड़ने लगी है, वहीं कोहरा भी छाया रहता है। जिले के वनांचल इलाकों में ठंड ज्यादा पड़ रही है, जिसके कारण अब लोग गर्म कपड़े का इस्तेमाल भी करने लगे हैं। वहीं, जिला मुख्यालय में गर्म कपड़ों की दुकान सज चुकी है और दूसरे प्रदेशों से आए कई अलग अलग वैरायटी के गर्म कपड़ों की खूब बिक्री हो रही है।

## खबर संक्षेप



### मेधावी छात्र परीक्षा में सशिमं की डालिनी को मिला तीसरा स्थान

**बालोद/कलंगपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित मेधावी छात्र परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर की कक्षा सप्तम की छात्र बहन डालिनी साहू पिता लालाराम साहू ने छत्तीसगढ़ प्रांत में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्हें 20 अक्टूबर को बिलासपुर स्थित सेंदरी कोनी में सम्मान समारोह के दौरान प्रतीक चिह्न एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे सुधीर साहू, प्रतापचंद जैन, डोंगरमल जैन, बिरेन्द्र कुंवर, सुफल साहू, सुखचरण कुल्हारे, टेकनारायण मंडावी, ओमप्रकाश साहू, निर्मल जी सहित विद्यालय के सभी आचार्यगण व सभी दीदी ने हर्ष व्यक्त किया।

### दीपावली के पूर्व कलंगपुर में हुई ग्राम विकास समिति की बैठक



**बालोद/कलंगपुर।** बुधवार को ग्राम कलंगपुर में ग्राम विकास समिति नेतृत्व में एवं समस्त ग्रामवासी की बैठक गांव के शीतला मंदिर प्रांगण में रखी गई थी। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष कुशल राम साहू व सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित बैठक में गांव के विकास के संबंध में विभिन्न विषयों पर चर्चाओं की गई। अध्यक्ष कुशल राम साहू ने सभी ग्रामीणों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि आगामी दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से हंसी खुशी व भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर कुशल राम साहू, इंद्रकुमार कुल्हारा, दिलीप कुल्हारे, लोकेश साहू, ज्ञानेश्वर साहू, डिलेश्वर साहू, नेतराम सिन्हा, शत्रुघ्न महतो, मिलन सिन्हा, नारायण चंदन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### डॉ. खंडूजा के खिलाफ दो दर्जन निवेशक पहुंचे थाने

**भिलाई।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ मनमोहन खंडूजा के मामले में बुधवार को दो दर्जन लोग पुलिस में शिकायत करने पहुचे थे। आरोपी डॉ खंडूजा 19.14 करोड़ रुपए के ठगी मामले में जेल में है। मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. खंडूजा पर एक करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की ठगी का नया मामले सामने आया है। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि आरोपी डॉक्टर ने अपने उन्हें फंसाने के लिए एजेंट तैयार कर रखे थे। वे प्रतिमाह बीएसपी से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों की लिस्ट निकालकर उन्हें निवेश का झांसे में फंसाने उनके घर आते थे। जब कोई झांसे में आकर पैसा नहीं दे देता था। तब तक उनके घर लगातार आया करते थे। जब आरोपी डॉक्टर के पास रकम कई करोड़ पहुंच गई तो उसने पैसा देना बंद कर दिया।

## योजना

### गांवों को स्वच्छ व सुन्दर बनाने तैयार की गई कार्य योजना

# ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर किया जाएगा सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

विकासखंड में स्वच्छता अभियान अब नये स्वरूप में नजर आएगा। सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने स्वच्छाग्रहियों के साथ अब मैदानी अमलों, रोजगार सहायकों तथा एसबीएम के कर्मचारियों के साथ एक बैठक आयोजित कर प्रत्येक गांव को स्वच्छ व सुंदर बनाने कार्य योजना तैयार की है। सर्वप्रथम स्वच्छ भारत मिशन के संकुल समन्वयक, स्वच्छाग्रही समूह, जनपद पंचायत के मैदानी अमला, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर उस स्थान की साफ सफाई कराने में जुट जाएंगे।

दीपावली का पर्व सामने है हर व्यक्ति अपने घर का कोना कोना साफ सफाई करने में जुटे हुए हैं, परंतु अधिकतर लोग कचरे को घर से बाहर कहीं भी फेंक देते हैं। एक जगह कोई कचरा फेंक दिया तो इस स्थान में सभी कचरा फेंकना शुरू कर देते हैं, जिससे वह स्थान ब्लैक स्पॉट के रूप में तब्दील हो जाता है। अब उस ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बनाने सीईओ रोशनी भगत टोप्पो ने एक नई कार्य योजना तैयार की है। ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा व जनपद पंचायत के मैदानी अमला तकनीकी सहायक अजय साहू, नितेश साहू, मनीष आरडे, जितेंद्र नाग, ढालेंद्र चंद्राकर, सतीश खरांशु, रवि प्रकाश गंजीर, हेमशंकर साहू , नवीन ठाकुर, पीयूष तारम ने ग्राम पंचायतों का भ्रमण करना शुरू कर दिया है। ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बनाने ग्रामीणों से चौपाल कर श्रमदान करने प्रेरित किया जाएगा। जिसमें सीईओ रोशनी भगत टोप्पो स्वयं कमान संभालेंगी। गांव को लंबे समय तक स्वच्छ व सुंदर बनाकर रखना यह चुनौती पूर्ण कार्य है। मगर हर व्यक्ति ठान ले मोर कचरा मोर जिम्मेदारी तो गांव को हमेशा स्वच्छ और सुंदर बनने से कोई नहीं रोक सकता। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाई जा रही है, जिसका सकारात्मक परिणाम दिख रहा है, लेकिन अब ब्लैक स्पॉट को भी स्वच्छ व सुंदर बनाने नई कार्य योजना तैयार कर ली गई है। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के पूर्व ब्लैक स्पॉट को भी ग्रामीणों के सहयोग से स्वच्छ व सुंदर बना लिया जायेगा।



### डौंडीलोहारा विकासखंड बनेगा मॉडल : सीईओ

बहुत ही जल्दी विकासखंड स्वच्छता के क्षेत्र में मॉडल बन जायेगा। जिसके लिए एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा सहित तकनीकी सहायकों व रोजगार सहायकों तथा सचिवों के द्वारा ब्लैक स्पॉट का चयन करने ग्राम पंचायत का भ्रमण करना शुरू कर दिया गया है। इस माह के अंत तक यह अभियान सफलता के पायदान पर होगा। विभाग के कार्यों को सभी करते हैं लेकिन उससे हटकर कार्य करना तथा अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझ कर कार्य करना अपने आप में सराहनी कार्य है। एसबीएम के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा की टीम मिलकर कार्य कर रही है जिससे ब्लैक स्पॉट बहुत ही जल्दी स्वच्छ व सुंदर स्थान में तब्दील हो जायेगा। डौंडीलोहारा

### उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में हो रहा है कार्य

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के संकुल समन्वयक गौतम सिन्हा ने कहा कि जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, जिला सीईओ डॉ संजय कन्नौजे, एसडीएम शिवनाथ बघेल के दिशा निर्देश व सीईओ रोशनी भगत टोप्पो के मार्गदर्शन में कार्य किया जा रहा है। कार्य में स्वच्छाग्रहियों के साथ ग्रामीणों का विशेष सहयोग मिल रहा है। बहुत ही जल्दी ब्लैक स्पॉट को स्वच्छ व सुंदर बना लिया जाएगा। उस स्थान का सौंदर्यीकरण करने ग्रामीणों के साथ चौपाल करने की योजना बनी है।

# बाल साहित्य लेखक महेंद्र कुमार का रायपुर में किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

- राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम में किया गया सम्मानित

बाल साहित्य के परिप्रेक्ष्य में 23 अक्टूबर को राज्य स्तरीय पठन महोत्सव कार्यक्रम सर्किट हाउस रायपुर में हुआ। कार्यक्रम में बालोद सहित विभिन्न जिलों के बाल साहित्य लेखक, अनुवादक, पालक तथा बच्चे सम्मिलित हुए।

यह कार्य स्केलिंग अप अर्ली रीडिंग इंटरवेंशन प्रोजेक्ट का हिस्सा था, जिसे रूम टू रीड, यूसाईडी, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ शासन के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया।

जिला के शासकीय प्राथमिक शाला भरदाखुर्द प्रधानपाठक महेन्द्र कुमार साहू शिक्षा को और अधिक रुचिकर बनाने के लिए बाल साहित्य निर्माण, विकास प्रक्रिया में लेखक के रूप में अपनी मत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। उनकी बाल साहित्य मेंढक और साँप का चौदह विभिन्न स्थानीय भाषाओं में भी अनुवाद किया गया है, जिससे दूरांचल में पढ़ने वाले बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में कविता, कहानी पठन का अवसर मिल सके, स्थानीय भाषाओं में अनुवाद किये गए उक्त बाल कविता बहुत ही जल्द सभी शासकीय शालाओं को भेजी जाएगी। यह कार्यक्रम शिक्षा जगत के लिए निश्चित रूप से बेहद लाभकारी होगा और भविष्य में इसके सार्थक परिणाम मिलेंगे।

विभिन्न जिलों से आये हुए लेखक, अनुवादक को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त कार्यक्रम में अनिल बंजारे, रेखा रॉय, निधि गौर, रुचि साव, डेकेश्वर प्रसाद वर्मा, भाग्यलक्ष्मी, शिखा जैन, पुष्पा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही ने महेन्द्र कुमार साहू द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना की।

# सड़क निर्माण के लिए विस्थापित सतनामी भवन का अब तक नहीं मिल पाया मुआवजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- मुआवजा राशि की मांग को लेकर सतनामी समाज ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

जिले में एडीबी के तहत अंडा से लेकर जामगाँव आर तक सड़क निर्माण कार्य किया गया, लेकिन सड़क बनने के बावजूद ग्राम राहुद में विस्थापित सतनामी भवन का मुआवजा समाज को नहीं मिल पाया और न ही भवन का निर्माण कराया गया। इससे नाराज सामाजिक पदाधिकारियों ने पंचायत के खिलाफ कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शिकायत कर कार्रवाई करने व टूटे भवन की मुआवजा राशि दिलाने की माँग की गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम राहुद में सड़क निर्माण के दौरान दो अटल चौक, प्रवेश द्वारा, कांजी हाउस की दीवार, तालाब किनारे का दीवार, सतनामी समाज का भवन सहित तीन अन्य भवन को तोड़कर सड़क निर्माण कराया गया, उक्त सभी भवन का मुआवजा राशि एकमुश्त लगभग 18 लाख रूपये ग्राम पंचायत राहुद को मुआवजा के रूप में पुनर्निमाण के लिए प्रदान की गई। लेकिन, ग्राम पंचायत राहुद द्वारा आज पर्यन्त तक सतनामी समाज के द्वारा बार–बार निवेदन करने पर भी सतनामी समाज के मुआवजे की राशि से भवन निर्माण नहीं कराया गया है।

### दिसम्बर महीने में होगा सामाजिक कार्यक्रम

सतनामी समाज अध्यक्ष परमानंद टंडन ने बताया कि सामाजिक भवन नहीं होने के कारण सामाजिक गतिविधियाँ में बहुत परेशानी हो रही। इसलिए सामाजिक कार्य के लिए भवन की नितांत आवश्यकता है। वहीं आगामी दिसम्बर महीने में सामाजिक कार्यक्रम का होना तय है, लेकिन कार्यक्रम कहां किया जाएगा वह तय नहीं हो पाया है, क्योंकि सामाजिक भवन नहीं है इसलिए समाज के लोग सतनामी भवन निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण थानेश्वर सिन्हा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान दो अटल चौक, प्रवेश द्वारा, कांजी हाउस की दीवार, तालाब किनारे का दीवार, सतनामी समाज का भवन सहित तीन अन्य भवन को तोड़ा गया था, जिसके बाद विभाग द्वारा उसके नव निर्माण के लिए राशि स्वीकृति हुई। इस राशि का क्या उपयोग किया गया जिस पर जांच व कार्यवाही होनी चाहिए।

# असामाजिक तत्वों को संरक्षण दे रहे विधायक कुंवर सिंह : वीरेंद्र

**अर्जुन्दा।** गुण्डरदेही के पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने स्वास्थ्य अधिकारी और कर्मचारी संगठन की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि जीवन बचाने वाले स्वास्थ्य विभाग के साथ बदजुबान हमला करना गुण्डरदेही विधायक कुंवर निषाद की मानसिकता को दर्शाता है। मनखे मनखे एक समान का भाव सतनाम समाज का संदेश है। मिनिमाता के वंशज सतनाम समाज के डॉ लेखराम कोसरे और जायसवाल को गाली गलौज करना सतनाम समाज का अपमान है। वीरेंद्र साहू ने कहा कि जनता के चुने जनप्रतिनिधि को किसी भी समस्या को प्रशासन शासन से बात रखने का अधिकार जरूर है, लेक़िन अस्पताल के अंदर असामाजिक तत्वों के साथ अस्पताल के डॉक्टर, स्टॉफ, और महिला नर्स की उपस्थिति में गाली गलौज करना अशोभनीय है। वीरेंद्र साहू ने कहा कि अर्जुन्दा की संस्कृति सदैव बेहतर शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक संस्कार की रही है। हर विभाग में कर्मचारी-अधिकारी यहीं अपनी सेवा देना की इच्छा रखते हैं, लेक़िन लगातार विधायक कुंवर निषाद ने अर्जुंदा में असामाजिक तत्वों को संरक्षण देकर बदनाम कर दिया। इसके कारण यहां स्वास्थ्य विभाग और पुलिस कर्मचारी भय में रहकर रहना नहीं चाह रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मांग को प्रशासन ध्यान में रखकर जल्द कार्यवाही करे।



# एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले निकाली गई रैली

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा एलबी संवर्ग के शिक्षकों ने सामूहिक अवकाश लेकर जिला मुख्यालय बालोद के धरना स्थल नया बस स्टैंड में धरना-प्रदर्शन कर व रैली निकाली। इस दौरान मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री, वित्त सचिव, शिक्षा सचिव सहित सम्बन्धित मंत्री व अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा। धरना स्थल पर नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र ने ज्ञापन लिया। संघर्ष मोर्चा प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना करने, वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति, पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति तिथि से पुरानी पेंशन, 20 वर्ष की सेवा में पूर्ण पेंशन व लंबित महंगाई भत्ता तथा देय तिथि से महंगाई भत्ता की एरियर्स राशि की मांग कर रहा है।

संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत शिक्षक मोर्चा का हड़ताल व ज्ञापन में केवल एलबी संवर्ग के शिक्षकों की मांगों को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। साथ ही महंगाई भत्ता का विषय शिक्षकों के साथ अन्य सभी कर्मचारियों का भी है। पदाधिकारियों ने बताया कि सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति, क्रमोन्नति एवं केंद्र के समान महंगाई भत्ता देने का विषय विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में भी शामिल है। अतः सरकार व शासन से शिक्षकों के पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत मुख्य पांच मांग करते हुए शीघ्र ठोस निर्णय लिए जाने की मांग की गई है।

जिला संचालक देवेंद्र हरमुख ने मोदी की गारंटी को पूर्ण करते हुए सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतन देने की मांग सरकार से की, जिला संचालक जितेंद्र शर्मा ने समतुल्य वेतनमान में सही निर्धारण करते हुए 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण की मांग को प्रमुखता से उठाया।

जिला संचालक दिलीप साहू ने उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार क्रमोन्नति, समयमान वेतनमान के लिए जनरल आदेश जारी करने व देय तिथि से एरियर्स सहित महंगाई भत्ता देने की मांग पर आवाज बुलंद की। मोदी की गारंटी पत्र में वेतन विसंगति दूर करने, क्रमोन्नति देने व देय तिथि से महंगाई भत्ता देना शामिल होने के बावजूद सरकार द्वारा निर्णय नहीं लिए जाने से आक्रोशित शिक्षकों ने जंगी प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने जल्द सभी मांगों पर निर्णय नहीं होने पर उग्र प्रदर्शन की भी चेतावनी दी।

प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के जिला संचालक दिलीप साहू, जितेंद्र शर्मा, देवेंद्र हरमुख, वेदप्रकाश साहू सहित ब्लॉक संचालक राजेंद्र देशमुख, सूरज गोपाल गंगबेर, गजेन्द्र रावटे, अविनाश साहू, विक्रम राजपूत, धनेश यादव, सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

### वाहन की ठोकर से बाइक सवार वृद्ध की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात वाहन की ठोकर से वृद्ध की मौत हो गई है। शिकायत पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1),281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि डबरापारा दक्षिण वार्ड 11 निवासी करमजीत सिंग 52 वर्ष 14 अक्टूबर को अपनी बाइक से दोस्त कमल कुमार के साथ पावर हाउस काम से गया था। काम कर वापस घर आने के लिए पावर हाउस ओव्हरब्रिज के नीचे से अपने दोस्त कमल को बैठाकर करमजीत लौट रहा था।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ में हुआ जोन स्तरीय कार्यक्रम

# सेवानिवृत्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का किया गया सम्मान, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जोन स्तरीय सेवानिवृत्त शिक्षक विदाई सह सम्मान समारोह 2024 का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जेएस भारद्वाज थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य संकुल केंद्र भैंसबोड आरएस रायपुरिया ने की।

विशिष्ट अतिथि प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खलारीएस. जॉनसन, प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा एचएल .गोयल, सरपंच ग्राम पंचायत भैंसबोड टिकेंद्री ठाकुर, शिक्षाविद शाला प्रबंधन समिति शासकीय प्राथमिक शाला भैंसबोड भूषण देवांगन एवं दुवारू राम भेड़िया, विजय साहू उपस्थित थे। इस सम्मान समारोह में वर्ष 2024 में संकुल केंद्र गुजरा, भैंसबोड़ एवं खलारी के शिक्षा परिवार से सेवानिवृत्त हुए शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को विदाई दी गई। इसके तहत प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा चित्र भट्टाचार्य, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला धोबनी अ पतित पावन मुखर्जी, उच्च वर्ग शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसबोड़ राजकुमार मारकंडे एवं प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला गुजरा कन्हैया लाल कृपाल को मोमेंटो, गिफ्ट, शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक–शिक्षिकाओं ने अपने शैक्षिक अनुभव को साझा कर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएस भारद्वाज ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। शिक्षक का स्थान समाज में सदैव अग्रणी रहता है। साथ ही जोन से पदोन्नत हुए शिक्षक एवं जोन में आए शिक्षक शिक्षिकाओं का भी सम्मान अतिथियों ने किया। इस सम्मान समारोह में तीनों संकुलों के संकुल समन्वयक, प्रधान पाठक एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन पीके. कोसमा एवं एनआर. धनकर ने किया।



**संध्या यादव को मिली आर्थिक सहायताः दुर्ग।** विधायक गजेन्द्र यादव द्वारा पचरीपारा निवासी संध्या यादव को आर्थिक सहायता के तहत दो लाख का चेक प्रदान किया गया। गौरतलब है कि जून में पचरीपारा निवासी श्रीराम यादव का आकस्मिक निधन हो गया था। भाजपा के कार्यकर्ता रहे। उनके पति के कमाई से ही घर का गुजारा चलता था।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर

होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411